**भारत डायनामिक्स लिमिटेड**

**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय : गच्ची बाउली, हैदराबाद**

बीडीएल/104/बीडी-नि.वा. /06 दिनांक : 28 अक्तूबर, 2021

**प्रेस विज्ञप्ति**

**बीडीएल द्वारा ग्राम सभा आयोजित**




भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) द्वारा भ्रष्टाचार के दुष्प्रभाव पर जागरूकता लाने के उद्देश्य से आज तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के भानूर गाँव में ग्राम सभा का आयोजन किया गया।

बीडीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी डॉ उपेन्दर वेन्नम, आई पी ओ एस ने सभा में उपस्थित लगभग 200 से अधिक व्यक्तियों से "सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा" दिलाई और उन्होंने भ्रष्टाचार के दुष्प्रभाव तथा जीवन में पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदारी से होने वाली भलाई के बारे में समझाया।

ग्राम सभा में जागरूकता लाने के उद्देश्य से पीआईडीपीआई (जनहित प्रकटीकरण और सूचनादाता की सुरक्षा) पर तेलुगू भाषा में पोस्टर्स प्रदर्शित किये गए।

भ्रष्टाचार के दुष्प्रभाव पर नाटक के रूप में संदेश देते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बीडीएल के भानूर इकाई के प्रधान एवं महाप्रबंधक, श्री सी एच रमेश बाबू, भानूर इकाई के महाप्रबंधक (के-एम, लॉं एवं घ.उ.) श्री एल किशन, भानूर इकाई के उप महाप्रबंधक एवं प्रधान (मा.सं.) श्री सी एच विक्रम, गाँव के सरपंच डॉ पी श्रीनिवास यादव और अन्य उपस्थित रहे।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर बीडीएल द्वारा **"स्वतंत्र भारत @ 75 : सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता"** विषय पर दि. 26 अक्तूबर से 01 नवंबर, 2021 तक इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---XXX---